केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

शिक्षा केन्द्र, 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली – 110092

के.मा.शि. बो/ज.सं.अ./सलाह/2016/1166 **06.05.2016**

परिपत्र संख्या 15/2016

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध
सभी विद्यालय प्रमुखों के लिए

विषय: के.मा.शि.बो. से संबद्ध विद्यालयों में मार्गदर्शन और परामर्श सेवाओं का मानचित्रण

बच्चे के विकास की पूर्ण प्रक्रिया उसके विद्यालयी वर्षों के साथ शुरू होती है। यह जीवन की सर्वाधिक निर्धारण की अवस्था है। तथापि, वातावरण तुलनात्मक रूप से जटिल बन जाता है और बच्चों को विविध सामाजिक अन्तरवैयक्तिक, शारीरिक और भावुकतापूर्ण समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिनके समाधान करने की आवश्यकता होती है। विद्यालयीन शिक्षा ग्रहण करना बृहद शैक्षणिक गतिविधि का केवल एक भाग है और मुख्यत: शिक्षा के अनुदेशात्मक उद्देश्यों की प्राप्ति से संबंधित है।

इस परिस्थिति में यदि **मार्गदर्शन और परामर्श** नियमित रूप से प्रदान की जाती है, तो बच्चे को उसकी अपनी क्षमताओं को अधिकतम करने और **आत्म यथार्थीकरण में सहायता मिलेगी।**

के.मा.शि.बो. पहला और संभवत: देश में एकमात्र शिक्षा बोर्ड है, जो कि हितधारकों को वर्ष 1998 से मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रदान कर रहा है। वर्तमान में कार्यक्रम दो चरणों में चल रहा है: प्रथम चरण तैयारी और परीक्षा के समय तथा द्वितीय चरण परीक्षा परिणाम की घोषणा के समय। बोर्ड की विविध माध्यमों से सेवाओं में दूरभाषित सलाह, ऑनलाइन सलाह, के.मा.शि.बो. की वेबसाइट पर सहायक सामग्री और प्रमुख समाचार पत्रों में प्रश्न पत्र और उत्तर कालम सम्मिलित हैं।

इस 'बाह्यपहुंच' (आउटरीच) कार्यक्रम की मुख्य दृढ़ता स्वैच्छिक होना है, जिसके अंतर्गत प्रधानाचार्यो, प्रशिक्षित सलाहकारों और सक्रिय मीडिया के सहयोग से नि:शुल्क सेवा उपलब्ध कराई जाती है। सलाहकारी सेवाएं न केवल विद्यार्थियों एवं अभिभावको को मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करती हैं बल्कि बोर्ड को वास्तविक समय प्रतिक्रयाओं के विश्लेषण के दौरान प्रवृत्ति और सुधार की पहचान करने में भी सहायता करते हैं।

संबंधित विद्यालयों में उपलब्ध सहायता सेवाओं की आवश्यकता और विस्तार को मापने के लिए, बोर्ड ने विद्यमान मार्गदर्शन और परामर्श सेवाओं के लिए एक प्रश्नावली तैयार की है। सभी विद्यालयों से अधिकतम 20 मई 2016 तक संलग्न ऑनलाइन प्रश्नावली को भरने की आशा की जाती है। अन्य अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए 011-22043635 या rs.cbsehl@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

Rama Sarma

रमा शर्मा
जन संपर्क अधिकारी